# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 02/10/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Rajasthan Patrika (Ahmedabad, Guj.)**

# डिप्टी कमांडेंट दिनेश पुलिस पदक से सम्मानित



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रैपिड एक्शन फोर्स की 105 आरएएफ बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जी दिनेश को पुलिस पदक से सम्मानित करते हुए।

**कोयम्बत्तूर.** रैपिड एक्शन फोर्स के स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोयम्बत्तूर में पदस्थापित डिप्टी कमांडेंट जी दिनेश को पुलिस पदक से सम्मानित किया।

समारोह सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित हुआ था।कोयम्बत्तूर के महालिंगपुरम में 105 आरएएफ बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जी दिनेश को 25 वर्ष की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए मोदी ने पदक व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि रैपिड एक्शन फोर्स केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का ही हिस्सा है।इसका गठन विशेष रुप से दंगों पर नियंत्रण के लिए किया गया है।

Prabhat Khabar (Jamshedpur, JKD.)



मुख्यालय परिसर की सफाई करते जवान.

# प्लास्टिक से मुक्त होगा रैफ का 106 कार्यालय

**नरवा.** प्लास्टिक से पर्यावरण पर हो रहे नुकसान को देखते हुए द्रुत कार्यालय 106 बटालियन ने अपने मुख्यालय को सिंगलयूज प्लास्टिक से मुक्त करने का निर्णय लिया है. इसे लेकर मंगलवार को बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की.

Dainik Bhaskar (Jamshedpur, JKD.)

# रैफ की 106वीं बटालियन में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक

जमशेदपुर | सुंदरनगर स्थित रैफ की 106वीं बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कैंप के आस-पास स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। इसके तहत संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि एक बार यूज करके फेंक दिया जाने वाला प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यह प्लास्टिक पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। रैफ कार्यालय में भी इसका उपयोग नहीं करेंगे।

Daily News Activist (Lucknow, UP)

# साफ–सफाई कर बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

**सरोजनीनगर ( डीएनएन )।** बिजनौर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र स्थित आरएएफ की 91वीं बटालियन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को इलाके के चंद्रावल गांव में साफ–सफाई का अभियान चलाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उच्च प्राथमिक विद्यालय में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व 91वीं बटालियन द्रुत कार्य बल के प्रभारी कमांडेंट शशिकांत चतुर्वेदी ने किया। कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में आरएएफ जवानों ने अस्पताल और स्कूल परिसर की साफ सफाई की। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी शशिकांत चतुर्वेदी ने ग्राम वासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ग्रामीणों से आवाहन किया कि वह लोग स्वछता पूर्वक रहें जिससे कि गंदगी और दूषित वातावरण के कारण होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। अस्पताल और स्कूल परिसर की साफ–सफाई देखकर ग्रामीणों ने आरएएफअधिकारियों और जवानों की काफी प्रशंसा की। इस मौके पर बटालियन के उप कमांडेंट विजय कुमार साहू व सर्वेंद्र सिंह सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह व दामोदर सिंह के अलावा कई अन्य अधिकारियों और जवानों ने अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

**जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 201/दै. श्रमिक ठेका पत्रा./2019-20 दिनांक : 01 अक्टूबर 2019

**निविदा सूचना**

जिला खेल अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिद्धार्थनगर के क्रीड़ांगनो की तैयारी पर स्टेडियम की साफ–सफाई, खेल मैदान की रख–रखाव हेतु 06 ठेका श्रमिक से कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/ ठेकेदार कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में निविदा प्रपत्र ( धनराशि रु. 100/– जी.एस.टी. ) प्राप्त कर सकते है। निविदा हेतु सेवा शर्त कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखे जा सकते है।

प्रकाशन तिथि के कम से कम 10 दिन पश्चात् निविदा दिनांक 18.10.2019 को सायंकाल 03.00 बजे तक प्राप्त हुयी निविदाओं की समिति एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी।

**एस.डी.एस. यादव**
क्रीड़ाधिकारी , सिद्धार्थनगर।

Aaj (Lucknow, UP)

# स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

लखनऊ, मंगलवार। 91 बटालियन द्रुत कार्य बल ने ग्राम चन्द्रावल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अस्पताल तथा स्कूल परिसर में साफ-सफाई का अभियान चलाया। जिसके कारण ग्रामवासियों ने बल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के कमाण्डेन्ट विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रेरणा से प्रभारी कमाण्डेन्ट शशिकान्त चतुर्वेदी द्वितीय-कमान अधिकारी के नेतृत्व में बटालियन के द्वारा गोद लिये गये ग्राम चन्द्रावल में स्थित अस्पताल तथा स्कूल परिसर में साफ-सफाई की। अस्पताल तथा स्कूल परिसर की सफाई देखकर ग्रामवासियों ने बल के अधिकारियों तथा जवानों के प्रति कृतज्ञता और हार्दिक आभार व्यक्त किया।

Jansandesh (Lucknow, UP)

# आरएएफ की 91वीं बटालियन ने चन्द्रावल गांव में की साफ–सफाई



**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के बिजनौर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र स्थित द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की 91वीं बटालियन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को इलाके के चंद्रावल गांव में साफ - सफाई का अभियान चलाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उच्च प्राथमिक विद्यालय में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व 91वीं बटालियन द्रुत कार्य बल के प्रभारी कमांडेंट शशिकांत चतुर्वेदी ने किया। कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में आरएएफ जवानों ने अस्पताल और स्कूल परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी शशिकांत चतुर्वेदी ने ग्राम वासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ग्रामीणों से आवाहन किया कि वह लोग स्वछता पूर्वक रहें, जिससे कि गंदगी और दूषित वातावरण के कारण होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। अस्पताल और स्कूल परिसर की साफ-सफाई देखकर ग्रामीणों ने आरएएफ अधिकारियों और जवानों की काफी प्रशंसा की। इस मौके पर बटालियन के उप कमांडेंट विजय कुमार साहू व सर्वेंद्र सिंह, सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह व दामोदर सिंह के अलावा कई अन्य अधिकारियों और जवानों ने अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## The Times Of India (Ahmedabad, Guj.)

UNION HOME MINISTER AMIT SHAH IN CITY, PRAISES RAF ON RAISING DAY

# 'Nixing of Article 370 best tribute to martyrs'

Times News Network

**Ahmedabad:** Union home minister Amit Shah said the greatest honour to martyred jawans has been the revoking of Articles 370 and 35(A) of the Constitution. He was speaking at a function to mark the 27th anniversary of the Rapid Action Force (RAF) raising, held at Ahmedabad on Monday.

"The sacrifice of thousands of jawans seemed to be asking us to create an atmosphere of permanent peace in Kashmir. I believe the real tribute for the close to 35,000 jawans who have been martyred has been done by PM Narendra Modi abrogating Articles 370 and 35(A)," Shah said, after handing over medals to the families of soldiers killed in the line of duty.

"It has been noticed that the arrival of RAF personnel at a riot scene quickly improves the situation on the ground. In many cases, the presence of RAF has even prevented riots," the home minister said. The Union home minister presided over an impressive parade of RAF personnel and a showing of the RAF dog squad, besides a cultural show, amid a downpour.

Pics: TOI





An RAF soldier consoles Shamima, the widow of CRPF jawan Mohammed Yasin Tali, who was awarded a gallantry medal posthumously



**NATIONAL POLICE MEMORIAL LOGO ON OCT 31:** Shah said that the logo of the national police memorial will be unveiled by PM Narendra Modi on October 31. The national police memorial has been erected in Delhi to mark the ultimate sacrifice of more than 38,000 police personnel.

**MEDALS AWARDED:** Three members of the CRPF who were killed in Pulwama attack on August 26, 2017, were given the President's Police Medal posthumously. Mohammed Yasin Tali, Dinesh Borse and Jaswant Singh were give the honour. Their wives received the medals. CRPF jawan Vikash Sutradhar who was killed in a Maoist attack on the Jharkhand-West Bengal border in September 2014, was also awarded the police medal.




Union home minister Amit Shah inspects the guard of honour at the 27th Raising day celebrations of the Rapid Action Force in Ahmedabad on Monday. —PTI

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**